## Need to address the problem of forest fire caused by high tension wire passing over forests in Uttarakhand-laid

श्री अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर) :उत्तराखंड राज्य चारों तरफ से जंगलों से घिरा हुआ है यहां पर वन संपदा बहुत अधिक है यहां के निवासियों की ज्यादातर आवश्यकता इन्हीं जंगलों से पूरी होती है यहां के जंगलों में कई प्रकार की औषधि जड़ी बूटियां भी विद्यमान है रामायण में संजीवनी बूटी का जिक्र भी उत्तराखंड के क्षेत्र में पाए जाने का जिक्र है परंतु गत कुछ बीते वर्षों में उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की घटनाओं में अत्यधिक वृद्धि हुई है जिसका मुख्य कारण यहां के जंगलों के ऊपर से बिजली की तारों का जाल सा बिछा हुआ है एक जगह से दूसरी जगह बिजली की सप्लाई जंगलों के ऊपर से गुजरे तारों से होती है वहां गर्मी के मौसम में तारों में शॉर्ट सर्किट होता है और जंगलों में आग लग जाती है जिससे वन्य प्राणी व वन संपदा को प्रत्येक वर्ष बहुत नुकसान होता है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार से सलाह कर एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन अति शीघ्र किया जाए।